# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 09.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना त्रिलोकपुर द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।**

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के नेतृत्व में चन्दन थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर व रवि कुमार यादव तहसीलदार इटवा जनपद की उपस्थित मे आज दिनांक 09.06.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्व व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्च अधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया। इस दौरान थाना स्थानीय के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 09.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस को मिली सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत श्री सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन एवम् श्री दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक राज कुमार पाण्डेय थाना शोहरतगढ़ के कुशल नेतृत्व में थाना शोहरगढ़ पुलिस द्वारा आज दिनांक 09.06.2024 को मु0अ0सं0 101/2024 धारा 376(3)/120बी/342/506 भादवि व 16/17 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण को महमुदवा ग्राण्ट से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-**

1.मो0याकूब पुत्र मो0 इस्लाम सा0 महमुदवा ग्राण्ट शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

2.सहिदुन्निशा उर्फ आसिया पत्नी मो0 इस्लाम निवासी महमुदवा ग्राण्ट थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1-नि0अ0 सुबाष यादव, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

2-उ0नि0 राजकेश्वर कुशवाहा, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

3- का0 अजय कुमार थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

4- म0का0 साधना यादव थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

## **<u>प्रेस नोट दिनांक 09.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**◆थाना भवानीगंज, थाना शिवनगर डिड़ई व थाना मोहाना पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, संबंधित क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष भवानीगंज, शिवनगर डिड़ई व मोहाना द्वारा आज दिनांक 09.06.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्व व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्च अधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया। इस दौरान थाना स्थानीय के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

## प्रेस नोट- अपराध गोष्ठी दिनांक 09-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में की गयी अपराध गोष्ठी।

◆अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण एवं शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 09-06-2024 को पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध गोष्ठी की शुरुआत सैनिक सम्मलेन से हुआ। सर्वप्रथम पूर्व सैनिक सम्मलेन में उठे समस्याओं के समाधान के बारे में प्रतिसार निरीक्षक ने बताया तथा सम्मलेन में उपस्थित समस्त थानों से आये थानाध्यक्ष व कर्मचारीगण की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आदेशित किया गया। तत्पश्चात् महोदय द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, सम्पत्ति व महिला उत्पीड़न सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में कृत कार्यवाही, गुमशुदा/लापता व बरामदगी हेतु शेष बच्चो की बरामदगी के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही तथा लम्बित मुकदमों में एकत्रित साक्ष्य एवं गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं चिन्हित टॉप-10 अभियुक्तो विरुद्ध कार्यवाही, अभियुक्तों के प्रति गुण्डा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने व सम्पत्ति जप्तीकरण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा IGRS,CCTNS के सम्बन्ध में मुख्यालय द्वारा जारी रैकिंग की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा आई0जी0आर0एस0 प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आदि बिन्दुओ की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उक्त गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी अग्नि शमन, अभियोजन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक प्रज्ञान शाखा, निरीक्षक रेडियो शाखा, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी यू0पी0-112, समस्त शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 09.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक **09-06-2024** को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।